बिहार सरकार

गोपनीय

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग

23
15.2.16

मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ संलेख

विषयः— सात निश्चय के तहत राज्य के अनाच्छादित 54 अनुमण्डलों में वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं पद सृजन के संबंध में।

माननीय मुख्यमंत्री के सात निश्चय के अन्तर्गत राज्य के अनाच्छादित 54 अनुमण्डलों के शिक्षित युवकों/युवतियों को कुशल तकनीशियन एवं कामगार के रूप में तैयार करने हेतु आधुनिक व्यवसायों में तकनिकी प्रशिक्षण दिलाने के उद्देश्य से नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजना के अन्तर्गत राज्य के अनाच्छादित अनुमण्डलों में नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना कर 06 आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षित करते हुए रोजगार/स्व–रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से (भूमि की उपलब्धता के आधार पर) अनाच्छादित 54 अनुमण्डलों में नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कर तत्काल किराये/सरकारी भवन में उपलब्धता के आधार पर चलाये जाने का विचार है।

2– राज्य के शिक्षित युवकों/युवतियों को रोजगारोन्मुखी आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चरणबद्ध तरीके से अनाच्छादित अनुमण्डलों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन निर्माण प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है, जो निम्न प्रकार है–

2016–17	18 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
2017–18	18 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
2018–19	18 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
कुल	54 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

2.1 वर्त्तमान में किराये के मकान में 6 आधुनिक व्यवसायों की स्थापना कर वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिये आवश्यक संसाधन आदि की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2016–17 से की जाएगी। संस्थानों के लिये अपना प्रशासनिक भवन तथा कर्मशाला भवन हेतु भूमि उपलब्ध होते ही भवन निर्माण की कारवाई प्रारंभ की जाएगी। वर्तमान मे 06 आधुनिक एवं लोकप्रिय व्यवसाय की स्थापना कर संस्थान चलाने का विचार है।

क्रमांक–	व्यवसाय का नाम– यूनिट	कुल प्रशिक्षणार्थियों की सं0		प्रशिक्षण अवधि
1–	फीटर–	2(1+1)	42	दो वर्ष
2–	इलेक्ट्रीशियन–	2(1+1)	42	दो वर्ष
3–	इन्फॉरमेशन एण्ड कॉमन्यूकेशन टेक्नॉलाजी सिस्टम मेंटेनेन्स	2(1+1)	42	दो वर्ष
4–	इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक	2(1+1)	42	दो वर्ष
5–	वेल्डर	2	28	एक वर्ष
6–	मैकेनिक डीजल इंजन	2	42	एक वर्ष
	कुल–	12	238 (दो सौ अड़तीस)	

बाजार मॉग के आधार पर आवश्यकतानुसार व्यवसायों में परिवर्त्तन/नये व्यवसायों का चयन किया जा सकता है।

2.2 इसमें निम्न प्रकार पदों का सृजन किया जाना है :–

पद	वेतनमान	ग्रेड पे	सृजित एवं स्वीकृत किये जाने वाले पद की संख्या (प्रति संस्थान x 54)
प्राचार्य	9300–34800	4800	01 x 54 = 54
उप प्राचार्य	9300–34800	4600	01 x 54 = 54
सहायक अधीक्षक	9300–34800	4200	01 x 54 = 54
मुख्य अनुदेशक	9300–34800	4200	02 x 54 = 108
व्यवसाय अनुदेशक	9300–34800	4200	12 x 54 = 648
गणित अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 54 = 54
ड्राइंग अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 54 = 54
अंग्रेजी अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 54 = 54
प्रधान लिपिक	9300–34800	4200	01 x 54 = 54
उ0व0लिपिक	5200–20200	2400	02 x 54 = 108
भंडारपाल	5200–20200	1900	01 x 54 = 54

Scanned by CamScanner

डाटा इंट्री ऑपरेटर			
नि0व0लिपिक	5200–20200	2400	01 x 54 = 54
मिश्रक	5200–20200	1900	03 x 54 = 162
कार्यालय परिचारी	5200–20200	1900	01 x 54 = 54
स्वीपर	4440–7440	1800	08 x 54 = 432
	4440–7440	1300	01 x 54 = 54
		कुल–	38 x 54 =2052
			(दो हजार बावन पद)

अंग्रेजी अनुदेशक/डाटा इंट्री ऑपरेटर/कार्यालय परिचारी तथा स्वीपर की नियुक्ति संविदा/आउटसोर्सिंग के आधार पर किया जाएगा।

2.3 <u>प्रति संस्थान स्थापनादि व्यय संबंधी प्रस्ताव :–</u>

स्थापना व्यय	
कार्यालय व्यय एवं अन्य	15500000.00
मशीनें एवं उपस्कर	2000000.00
	13000000.00
योग:–	30500000.00 रुपये
	(रूपये तीन करोड़ पाँच लाख) मात्र ।

इस प्रकार 54 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना पर प्रतिवर्ष आकलित अनुमानित व्यय एवं अगले पाँच वर्षो का कुल अनुमानित व्यय निम्नवत है (प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि सहित)–

वर्ष	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की संख्या	अनुमानित व्यय (लाख रूपये में)
2016–17	18	18 X 305 = 5490
2017–18	18+18	36 X 336 = 12096
2018–19	36+18	54 X 370 = 19980
2019–20	54	54 X 407 = 21978
2020–21	54	54 X 448 = 24192
कुल	54	83736

2.4 भवन निर्माण विभाग द्वारा नक्शा का निर्माण, प्राक्कलन एवं तकनिकी अनुमोदन प्राप्त होने पर संस्थान के लिए नये भवन का निर्माण किया जाएगा। नये स्थापित होनेवाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की प्राक्कलित राशि का निर्धारण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये वर्त्तमान में तैयार मॉडल नक्शा के प्राक्कलन के आधार पर किया गया है, अनुमानित व्यय का विवरण निम्नप्रकार अनुमानित है–

वर्ष	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की संख्या	अनुमानित व्यय (लाख रूपये में)
2016–17	18	18 X 1125 = 20250
2017–18	18	18 X 1238 = 22284
2018–19	18	18 X 1362 = 24516
कुल	54	67050

2.5 नव निर्मित भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण होने में एक वर्ष से अधिक लगने की संभावना के परिपेक्ष्य में वर्षवार अनुमानित व्यय निम्नप्रकार है–

2016–17	18(अंश)	18 X 562.5 = 10125
2017–18	18(पूर्ण) + 18(अंश)	(18 X 562.5) + (18 X 619) = 21267
2018–19	18(पूर्ण) + 18(अंश)	(18 X 619) + (18 X 681) = 23400
2019–20	18(पूर्ण)	18 X 681 = 12258
कुल	54(पूर्ण)	67050 लाख रूपये।

2.6 भूमि की उपलब्धता के आधार पर जिलों का चयन किया जाएगा। स्वीकृत व्यवसायों में मशीन/उपकरण आदि का क्रय, भू–अर्जन के मुआवजे की राशि का भुगतान एवं भवन निर्माण संबंधी कारवाई विभाग द्वारा प्रत्योजित शक्तियों के अधीन अलग से कारवाई की जाएगी।

भूमि की उपलब्धता के आधार पर चयनित अनुमण्डलों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु विभाग अपने स्तर से स्वीकृत्यादेश निर्गत करेगा।

Scanned by CamScanner

3– योजना प्राधिकृत समिति द्वारा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से अनाच्छादित 54 अनुमण्डलों में चरणबद्ध तरीके से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की स्वीकृति की अनुशंसा की गयी। 2052 पदों के सृजन की एवं राशि का व्यय उस वित्तीय वर्ष में उपलब्ध बजट उपबंध के अन्तर्गत सीमित रखे जाने पर स्वीकृति की अनुशंसा प्रदान की गयी है। कार्यवाही अनुलग्नक–1 पर संलग्न है। अनुमण्डलों की सूची अनुलग्नक–2 पर संलग्न है।

4– वित्तीय वर्ष 2016–17 में नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजना के तहत 3000.00 लाख रूपये मात्र का उदव्यय प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2016–17 में राशि का व्यय स्वीकृत योजना उदव्यय एवं बजट उपबंध के अन्तर्गत सीमित रखा जाएगा।

5– इस योजना के तहत राषि की निकासी संबंधित वित्तीय वर्ष में मुख्य शीर्ष– 2230–श्रम और रोजगार, उपमुख्य शीर्ष– 03–प्रशिक्षण, समूह शीर्ष–राज्य योजना लघुशीर्ष–003 शिल्पकारों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण मांग संख्या–26 उपशीर्ष–0118– नया औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, विपत्र कोड–पी0 2230030030118 एवं निर्माण कार्य पर व्यय मुख्य शीर्ष–4059 –लोक निर्माण कार्य पर पुँजीगत् परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष– 60 –अन्य भवन, लघु शीर्ष–051–निर्माण, मांग संख्या–3, उपशीर्ष–0112– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण/उन्नयन, विपत्र कोड–पी0 4059600510112 के अन्तर्गत बजट प्रस्तावित है।

6– उपरोक्त के अनुसार सात निश्चय के तहत राज्य के अनाच्छादित 54 अनुमण्डलों में वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं पद सृजन का प्रस्ताव है।

7– प्रस्ताव एवं संलेख में विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है ।

8– उपर्युक्त कंडिका– 6 में निहित प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्रार्थित है

18/2/16

सचिव,
श्रम, संसाधन विभाग ।

ज्ञापांक– बी0एस0डी0एम0/बजट–23/2015– 28 पटना, दिनांक– 18-2-16

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक एवं जॉच पत्र की प्रति के साथ संलेख की 45 (पैतालिस) प्रतियॉ हिन्दी में प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग को सूचनार्थ एवं मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में अनुमोदनार्थ प्रेषित ।

18/2/16

सचिव,
श्रम, संसाधन विभाग।

Scanned by CamScanner